कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–5/स्थानांतरण/वि.विषय/2019–20/1–26 दिनांक–29.09.2019 के तहत् शंकर सिंह, व्याख्याता, भूगोल राउमावि कंकराला नाडा जोधपुर का स्थानांतरण राउमावि सिवांची गेट सीएचबी, जोधपुर एवं रामकिशोर व्यास व्याख्याता भूगोल का स्थानांतरण राउमावि सिवांची गेट सीएचबी, जोधपुर से राउमावि भूंडाना, जोधपुर किया गया । रामकिशोर व्यास ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में एस.बी. याचिका संख्या 15996/19 रामकिशोर व्यास, बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या 15996/19 में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 22.10.2019 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानातंरण आदेश दिनांक 29.9.19 का प्रभाव एवं कियान्वयन याचिकार्थी रामकिशोर व्यास के संबंध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है ।

अतः माननीय न्यायालय के उक्त अन्तरिम आदेश की अनुपालना में विभागीय आक्षेपित स्थानातंरण आदेश दिनांक 29.9.19 को याचिकार्थी रामकिशोर व्यास के संबंध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप रामकिशोर व्यास, व्याख्याता भूगोल राउमावि सिवांची गेट सीएचबी. जोधपुर के पद पर पदस्थापित रहेंगें एंव उनके स्थान पर स्थानान्तरित, शंकर सिंह का अन्तरिम समायोजन दोहरा पदस्थापन की स्थिति को समाप्त करने के उद्देश्य से राउमावि सियारा पीपाड़ सिटी जोधपुर, व्याख्याता, भूगोल के रिक्त पद पर किया जाता है। उक्त पदस्थापन/समायोजन पूर्णतया माननीय उच्च न्यायालय के आगामी/अन्तिम निर्णय के अध्यधीन रहेंगे।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–5/अभ्यावेदन/19–20/332 दिनांकः–26/11/2019

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, जयपुर
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा ।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, को सूचनार्थ
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर ।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाज़ा ।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु ।
8. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक/रक्षित पत्रावली

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर